**दिनांक 19.06.2025 को सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में आहूत कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 17वीं बैठक की कार्यवाही**

---

**<u>उपस्थितिः पंजी में संधारित।</u>**

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त, प्रसार शिक्षा निदेशालय, बि.कृ.वि. सबौर के पत्रांक 109 दिनांक 19.04.2025 के आलोक में कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 17वीं बैठक, सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में आहूत की गयी। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा 17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के एजेन्डा पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि इस बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया द्वारा वर्ष 2024–25 में किये गये कार्यो का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025–26 में किये जाने वाले कार्यो की कार्य योजना पर माननीय सदस्यगण का विचार एवं सुझाव प्राप्त किया जाना है। कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के 16वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति में लिये गये निर्णय एवं उक्त बैठक में माननीय सदस्यगण द्वारा प्रदान की गयी अनुशंसा का फलाफल माननीय सदस्यगण के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

17वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का प्रारम्भ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा 16वीं बैठक में लिये गये निर्णय की प्रगति प्रस्तुत की गयी, जिसे सदन के द्वारा सम्पुष्ट किया गया। इसी क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन (2024–25) सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसपर वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषि के विकास हेतु वर्ष 2025–26 में किसानों का प्रशिक्षण, उनके खेतों में कृषि संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु लगाये जाने वाले परीक्षण, उन्नत तकनीकों के त्वरित हस्तानान्तरण हेतु आयोजित किये जाने वाले प्रत्यक्षण (सभी प्रकार के), बीज/पौध सामग्री उत्पादन, प्रथम पंक्ति प्रसार गतिविधियों आदि की कार्य योजना वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रस्तुत की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा विकसित वार्षिक कार्य योजना 2025–26 पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने अपना विचार/सुझाव प्रस्तुत किया गया। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के दौरान कृषि एवं संबंद्ध विभाग के नामित पदाधिकारियों ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु किसानों को जागरूक किया और सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ लेने का आवाहन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 17वीं बैठक में केन्द्र के प्रगति प्रतिवेदनः 2024–25 और वार्षिक कार्ययोजना 2025–26 पर सभी सदस्यगण ने गहन चर्चा की एवं चर्चा के उपरान्त वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में निम्नलिखित सुझाव देकर आवश्यक निर्णय लिया गया –

1. कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर के क्षेत्राधिकार में अवस्थित 15 प्रखण्डों के भौगोलिक एवं फसल से संबंधित आँकड़े बिहार सरकार के सांख्यिकी विभाग से प्राप्त किया जाय एवं विभिन्न मौसमों में इन क्षेत्रों में उगायी जाने वाली मुख्य फसलों की समस्या के आधार पर कार्य किया जाय।

*[अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

2. "किसान सारथी एप्प" में 1,54,670 किसानों को पंजीकृत कराया गया है जो सराहनीय कार्य है एवं इसमें नियमित रूप से किसानों को पंजीकृत कर इसकी संख्या को बढ़ाया जाय।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

3. कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रशिक्षण कार्यक्रम में DDM/LDM को साधनसेवी के रूप में आमंत्रित किया जाय। *[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

4. टेक्नोलॉजी गैप एसेसमेंट करने के लिए प्रत्येक वैज्ञानिक अपने–अपने विषय से संबंधित किसानों की समस्याओं को नोट करके टेक्नोलॉजी गैप का संधारण करेंगे।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

5. केन्द्र के प्रक्षेत्र पर विकसित हरा चारा उत्पादन इकाई में हाइब्रिड नेपियर को शामिल किया जाय।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु विज्ञान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

6. गयाजी जिले में माँग के आधार पर फल / सब्जी पौध सामग्री का उत्पादन किया जाय, साथ ही कम–से–कम 5,000 कलमी फलदार पौधे तैयार किया जाय।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

7. कृषि विज्ञान केन्द्र में अवस्थित मृदा जाँच प्रयोगशाला को क्रियाशील बनाया जाय।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (मृदा विज्ञान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

8. कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा नवाचार किसानों के रिकार्ड की अद्यतन सूची रखा जाय जिससे उस सूची की मांग किये जाने पर यथाशीघ्र दिया जा सकता है।

*[अनुपालन – विशय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर,गया ]*

9. खरीफ, रबी एवं गरमा मौसम के पहले प्रसार कार्यकर्ताओं के क्षमतावर्द्धन प्रशिक्षण को आयोजित किया जाय एवं प्रसार कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में जीविका दीदी, पशु मित्र, कृषि सखी को भी शामिल किया जाय।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (प्रसार शिक्षा), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

10. अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण अंतर्गत बायोफोर्टिफाइड प्रभेद के न्यूट्रिशनल वैल्यू के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए गृह विज्ञान के विशेषज्ञ को जोड़ा जाय।

*[अनुपालन – बिषय वस्तु विशेषज्ञ (गृह विज्ञान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर,गया ]*

11. एग्री ड्रोन को कृषि विज्ञान केन्द्र, किशनगंज से कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया लाने की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूर्ण की जाय। *[अनुपालन – वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर,गया]*

12. पशुपालन विषय के OFT-2 के स्थान पर किसी अद्यतन टेकनोलॉजी का चयन कर प्रक्षेत्र पर परीक्षण किया जाय।

*[अनुपालन –विषय वस्तु विशेषज्ञ (पशु विज्ञान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया ]*

13. विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक की गयी है इसमें प्राप्त फीडबैक को 2025–26 के कार्य योजना में शामिल किया जाय।

*[अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर,गया ]*

14. आगामी वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में भाग लेने वाले सम्मानित सदस्यों को 15 दिन पूर्व एजेण्डा के साथ आमंत्रित किया जाय।

*[अनुपालन – वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर,गया ]*

15. Cluster Front Line Demonstration (CFLD) अंतर्गत मूँगफली प्रत्यक्षण के फलाफल के आलोक में मूँगफली का छिलका उतारने वाली मशीन का प्रत्यक्षण समूह में कराया जाय।

[*अनुपालन – नोडल पदाधिकारी,* CFLD *एवं वि.व.वि. (गृह विज्ञान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया* ]

16. प्राकृतिक खेती अंतर्गत सभी घटकों को प्रत्यक्षण इकाई में स्थापित किया जाय।

[*अनुपालन – वि.व.वि. (मृदा विज्ञान) एवं वि.व.वि. (उद्यान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर,गया* ]

17. गया जिले में उत्पादित होने वाले फलों/सब्जियों के मूल्य संवर्द्धन हेतु प्रशिक्षण/प्रत्यक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाय।

[*अनुपालन – विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., मानपुर, गया* ]

अन्त में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

29.07.25

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया जी

**ज्ञापांक सं०:** 132/कृ. वि. के., मानपुर, गया/25–26 **दिनांक:** 29/07/2025
**प्रतिलिपिः**

- वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया के सभी कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- उप निदेशक प्रशिक्षण/सह निदेशक प्रसार शिक्षा/निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.कृ.वि., सबौर, भागलपुर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक, भा. कृ. अनु. प्ररि.–अटारी, जोन–IV, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

29.07.25

वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, मानपुर, गया जी